RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 18 जून 2024 | वर्ष 06 | अंक 61 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई में लोकसभा सीट की काउंटिंग पर बोला चुनाव आयोग...




Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### शिंदे सरकार का बड़ा तोहफा

## अब सबको मिलेगा हेल्थ बीमा का लाभ; 60% बढ़ाया प्रीमियम



**मुंबई:** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले राज्यवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। अब राज्य की नई स्वास्थ्य बीमा योजना महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य अभियान सभी के लिए लागू करने का फैसला किया गया है। सरकार ने इस योजना के वार्षिक प्रीमियम को 60% बढ़कर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया है। नई योजना 1 जुलाई से लागू होने जा रही है। नई स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत राज्यवासियों को अब डेढ़ लाख की जगह कुल पांच लाख का बीमा कवर दिया जाएगा। 2012 में लॉन्च होने के बाद से इस योजना में यह बड़ा बदलाव है। नई योजना लागू होने से पहले बीमाधारकों को इसका लाभ लेने के लिए राशन कार्ड और एक लाख तक सालाना आय का प्रमाण पत्र देना होता था लेकिन अब सरकार ने इस बाध्यता को खत्म कर दिया है और सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू कर दिया है। अब आय की भी कोई सीमा नहीं रखी गई है। पहले इस योजना के तहत 1000 अस्पताल इम्पैनल थे लेकिन अब उसे बढ़ाकर 1900 हॉस्पिटल कर दिया गया है। बता दें कि पिछले साल जून में ही उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की बीमा राशि को 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख की घोषणा की थी लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका था। लोकसभा चुनावों से ऐन पहले महाराष्ट्र सरकार ने चुनाव आयोग से इसे लागू करने के लिए पत्र लिखकर अनुमति मांगी थी। अब जब आदर्श आचार संहिता खत्म हो चुकी है तो सरकार ने इसे अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सरकार के मुताबिक यह योजना अब 1 जुलाई से नए स्वरूप में लॉन्च होने जा रही है।

# फिर से जोर पकड़ने लगा आरक्षण का मुद्दा

**मुंबई : चुनाव खत्म होते ही महाराष्ट्र में एक बार फिर से आरक्षण का जिन्न निकल पड़ा है। एक तरफ मराठा समुदाय अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के लिए एक महीने की समय सीमा तय की है, तो दूसरी तरफ अन्य पिछड़ा वर्ग नेताओं ने ओबीसी श्रेणी के तहत मराठा समुदाय को आरक्षण देने का विरोध का विरोध कर रहे हैं।**




मराठा की तर्ज पर अब ओबीसी के नेता भी अनशन को अपना हथियार बना रहे हैं। मराठा और ओबीसी समुदाय अपनी अपनी शर्तों पर अडिंग है जो सरकार के गले का फांस बनता जा रहा है। ओबीसी श्रेणी के तहत मराठा आरक्षण की मांग के बीच ओबीसी श्रेणी के दो कार्यकर्ता जालना जिले में अनशन पर बैठे हैं और सरकार से आश्वासन की मांग रहे हैं कि उनका आरक्षण प्रभावित न हो। राज्य सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को ओबीसी कार्यकर्ताओं लक्ष्मण हाके और नवनाथ वाघमारे से मुलाकात की और उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। लेकिन दोनों ही कार्यकर्ताओं ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। आंदोलनकारियों ने कहा कि वे मराठों के लिए आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं लेकिन इससे ओबीसी आरक्षण प्रभावित नहीं होना चाहिए। ओबीसी कार्यकर्ता सरकार की मसौदा अधिसूचना को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी को मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त संबंधी के रूप में मान्यता दी गई है। ओबीसी समुदाय के नेता चेतावनी दे रहे हैं कि अगर सरकार के कदमों से उनके आरक्षण पर नकारात्मक असर पड़ता है तो वे पूरे राज्य में अनशन करेंगे।

### मराठा समुदाय को कुनबी प्रमाणपत्र जारी करने की मांग

सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि ओबीसी नेता हमारे दुश्मन नहीं हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ भी नहीं बोला है। मराठा आरक्षण के बारे में बात करने और इसकी आलोचना करने के बजाय उन्हें अपनी ऊर्जा धनगर समुदाय को एसटी वर्ग के तहत आरक्षण दिलाने पर खर्च करनी चाहिए।

महाराष्ट्र सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को हाके और वाघमारे से मुलाकात की और उनसे अनशन समाप्त करने या कम से कम पानी पीने का अनुरोध किया। लेकिन दोनों कार्यकताओं ने ऐसा करने से इनकार कर दिया।

आंदोलनकारियों ने सरकार से लिखित आश्वासन देने की मांग करते हुए कहा कि मराठा आरक्षण से ओबीसी कोटा प्रभावित नहीं होना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों कार्यकताओं को आश्वासन दिया कि मंगलवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में उनकी मांगों पर चर्चा की जाएगी।

हाके ने कह कि जब तक सरकार लिखित में आश्वासन नहीं देती तब तक हम अनशन समाप्त नहीं करेंगे।' उन्होंने दावा किया कि सरकार ओबीसी आरक्षण मुद्दे की अनदेखी कर रही है। हम मराठों के लिए आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इससे ओबीसी कोटा प्रभावित नहीं होना चाहिए।

## महाराष्ट्र पुलिस भर्ती: दो अलग-अलग जगह परीक्षा के लिए 4 दिन का मिलेगा समय

**जलगांव:** पुलिस भर्ती प्रकिया में मैदानी परीक्षा (फील्ड टेस्ट) के लिए दो अलग-अलग जगह एक ही दिन परीक्षा होने पर उस उम्मीदवार को दोनों जगह मौका मिले इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसमें एक जगह परीक्षा देने के बाद दूसरी जगह परीक्षा देने के लिए उस उम्मीदवार को 4 दिन का समय मिलेगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. महेश्वर रेड्डी ने सोमवार को प्रेस कॉफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि महाराष्ट्र में पुलिस में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 19 जून से राज्यभर में मैदानी परीक्षा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि जलगांव जिले में केवल पुलिस कांस्टेबल के पद पर ही भर्ती होगी।

**राज्य में 17,471 पदों पर होगी भर्ती**

महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों में पुलिस कांस्टेबल, पुलिस कांस्टेबल ड्राइवर, जेल कांस्टेबल, सशस्त्र पुलिस



कांस्टेबल और पुलिस कांस्टेबल बैंड्समैन समेत अलग-अलग पदों के लिए 17,471 वैकेंसी को भरना है।

उन्होंने कहा कि कई उम्मीदवारों ने अलग-अलग जगह अलग-अलग पदों के लिए आवेदन किए है। इस कारण कई उम्मीदवारों को एक ही दिन दो पदों के लिए परीक्षा का समय मिल सकता है ऐसे में आवेदक केवल एक ही जगह उपस्थित हो सकता है।

एसपी महेश्वर रेड्डी ने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने निर्णय लिया है कि जिन आवेदकों को एक अलग-अलग जगह का समय मिलेगा तो उसे एक जगह परीक्षा देने के बाद दूसरी जगह परीक्षा देने के लिए 4 दिन का समय मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि बरसात के कारण परीक्षा रद्द होती है तो परीक्षा के लिए दूसरी तारीख तय की जाएगी।

## विधानसभा चुनाव में 100 से 105 सीटों पर लड़ सकती है कांग्रेस


**मुंबई:** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के बाद अब विधानसभा चुनावों की बारी है. अक्तूबर में यहां पर विधानसभा के चुनाव होने हैं. लोकसभा चुनावों में सीटों के बंटवारे में देरी देखी गई. ऐसे में इस बार विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी सीट शेयरिंग की दिशा में बातचीत अभी से तैयारी कर रही है. पिछले हफ्ते में एमवीए की मुंबई में मीटिंग हुई. इसमें सीट शेयरिंग पर शुरूआती बातचीत हुई है. इस बैठक के बाद एमवीए के सीट शेयरिंग का एक संभावित फॉमूर्ला सामने आया है. कांग्रेस को विधानसभा चुनावों में सबसे ज्यादा सीटें मिल सकती है. लोकसभा चुनाव में पार्टी को 13 सीटों पर जीत हासिल हुई. लोकसभा में सीटों के लिहाज से वो राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी.

## हिंदू धर्म को महाराष्ट्र सरकार से बचाने की जरूरत है - सुब्रह्मण्यम स्वामी

**मुंबई:** पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी ने सोमवार (17 जून) को महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने पंढरपुर मंदिर अधिनियम को लेकर बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी के गठबंधन वाली महाराष्ट्र सरकार पर सवाल खड़े किए. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हमें हिंदू धर्म को महाराष्ट्र सरकार से बचाने की जरूरत है. बीजेपी नेता ने पंढरपुर मंदिर अधिनियम को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट में चल रही सुनवाई में महाराष्ट्र सरकार की ओर से दिए गए हलफनामे का जिक्र किया है. उन्होंने लिखा कि महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट से कहा कि पंढरपुर मंदिर अधिनियम भक्तों के अधिकारों को नुकसान नहीं पहुंचाता है, बल्कि उन्हें 'पुजारी वर्ग की क्रूरता' से बचाने के लिए है.सुब्रह्मण्यम स्वामी ने अपने बयान के साथ लाइव



लॉ का एक लेख भी शेयर किया है. इस आर्टिकल में बॉम्बे हाई कोर्ट में पंढरपुर मंदिर अधिनियम की हालिया सुनवाई का जिक्र है. उन्होंने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि हमें हिंदू धर्म को महाराष्ट्र सरकार की असभ्य लोलुपता से बचाना है. बॉम्बे हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कहा कि पंढरपुर में विठ्ठल और रुक्मिणी मंदिरों पर महाराष्ट्र सरकार को नियंत्रण देने वाला पंढरपुर मंदिर अधिनियम 1973 अपने धर्मनिरपेक्ष भक्तों और तीर्थयात्रियों को 'पुजारी वर्गों की क्रूरता' से राहत देने के लिए बनाया गया था.



# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## कुवैत का 'लाक्षा गृह'

कुवैत की अल-मंगाफ इमारत आज के संदर्भ में 'लाक्षा गृह' करार दी जा सकती है। इमारत में 196 विदेशी कामगार, मजदूर आदि भेड़-बकरियों की तरह रहने को विवश थे। इस 'लाक्षा गृह' में भीषण आग लगी, तो वह फैलती ही गई। आग बुझाने के उपकरण नहीं थे। आग से बचकर बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। आग फैलने लगी, तो भगदड़ के हालात बन गए, नतीजतन मजदूर अपनी जिंदगी बचाने में असहाय, असमर्थ रहे। जलकर भस्म होने वालों में 45 भारतीय थे। उनमें सर्वाधिक 23 केरल के, 7 तमिलनाडु के, 3 आंध्रप्रदेश के और उप्र, बिहार, पंजाब, हरियाणा, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के एक-एक व्यक्ति थे। दरअसल भारतीय दुनियाभर में नौकरी करने, पेशा करने और कारोबार खोलने को जाते हैं। मकसद होता है कि अधिकतम पैसा कमाया जाए और भारत में परिजनों को कुछ पैसा वापस भेजा जाए, लेकिन त्रासदियों के आंकड़े सिर्फ खाड़ी देशों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि अमरीका, रूस, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी जैसे देशों में मजदूर ही नहीं, भारतीय छात्र भी त्रासदियों के शिकार होते रहे हैं। चूंकि मजदूरी, राजमिस्त्री, बढ़ई, बिजलीकर्मी, फैक्टरी एवं घरेलू कामगार, फूड डिलीवरी एजेंट के तौर पर इतने भारतीय कुवैत में काम करते हैं कि वे वहां के कुल कार्यबल के 20 फीसदी से अधिक हैं। करीब 10 लाख भारतीय कुवैत में रहते और काम करते हैं। विदेश मंत्रालय के डाटा के मुताबिक, करीब 88 लाख भारतीय खाड़ी देशों में रहते और काम करते हैं। कुवैत इमारत की घटना त्रासद के साथ-साथ अमानवीय भी है। करीब 50 भारतीय घायल भी हुए हैं। कुवैत के उपप्रधानमंत्री शेख फहद यूसुफ अल-सबा ने इमारत के मालिकों पर लालच का आरोप लगाया और कहा कि भवन मानकों के उल्लंघन की वजह से यह त्रासदी हुई, लेकिन हम सिर्फ कारणों से ही संतुष्ट नहीं हो सकते। भारत का बुनियादी सवाल है कि क्या कुवैती सरकार 'लाक्षा गृह' वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी? दरअसल यह सामूहिक जिंदगी का सवाल है। खाड़ी और अरब देश नौकरी, मजदूरी, कौशल-पेशेवर रोजगार के बड़े आकर्षक गंतव्य हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के नियमों के अनुसार विदेशों में श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित है। कुवैत के लिए भारत ने राज्यों के साथ मिल कर 2016 में 64 श्रेणियों के काम के लिए 300-1050 डॉलर की सीमा तय की थी। कुवैत में भारतीय कामगारों को भेदभाव से लेकर खराब, अमानवीय कामकाजी परिस्थितियों तक से जूझना पड़ता है। 'मन राइट्स वॉच के मुताबिक, प्रवासी मजदूर दुर्व्यवहार, जबरन मजदूरी और निर्वासन आदि के शिकार होते रहते हैं। एक खोजी रपट में खुलासा हुआ था कि कतर में जब फुटबाल स्टेडियम निमार्णाधीन था और जो भारतीय कामगार काम कर रहे थे, उनकी जिंदगी बेहद अनिश्चित और मुश्किल थी। बेशक खाड़ी देशों में मोटा वेतन और अच्छी-खासी दिहाड़ी दी जाती है, लेकिन अकुशल, सेमी कुशल और खुदमुख्तार श्रमिकों ने अन्य प्रवासी कुशल कामगारों की सौदेबाजी की क्षमता को कम किया है।


editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# मुंबई में फिलहाल सुस्त ही रहेगा मॉनसून, 20 जून के बाद बारिश के आसार, जानें मौसम विभाग का क्या अनुमान

- >> फिलहाल गर्मी से राहत मिलना मुश्किल
- >> 20 जून से मुंबई में सक्रिय होगा मॉनसून
- >> अब तक मुंबई में 198 एमएम बारिस
- >> उपनगर में 128 एमएम बारिश हुई
- >> जून में होना चाहिए 500 एमएम बारिश

**मुंबई :** मुंबईकरों को 20 जून से पहले गर्मी से राहत मिलना मुश्किल है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, महानगर में छिटपुट बारिश होगी, लेकिन अच्छी बारिश होने के कोई आसार नहीं है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार, 20 जून से मुंबई में मॉनसून सक्रिय हो सकता है। मुंबई में इन दिनों बारिश की आंख मिचौली जारी है। कुछ हिस्सों में बारिश होती है, तो कुछ में नहीं। ऊपर से उमस और गर्मी के कारण मुंबईकर पसीने से परेशान हैं। शनिवार सुबह 8 बजे से रविवार सुबह 8 बजे तक शहर में 0.25 एमएम, पूर्वी उपनगर में 1.35 एमएम और पश्चिमी



उपनगर में 0.60 एमएम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को मुंबई का अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दिन में उमस का स्तर 64 फीसदी और रात में 74 फीसदी दर्ज किया गया। क्षेत्रीय मौसम विभाग की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने बताया कि मॉनसून का आगमन तो हुआ, लेकिन सिस्टम न होने के कारण सुस्त पड़ गया है। 20 जून को मुंबई के आसपास अच्छी बारिश होने की संभावना है, शायद मुंबई को भी अच्छी बारिश मिल जाए।अच्छी बारिश न होने से मुंबई के तापमान में धीरे धीरे वृद्धि हो रही है। 10 जून को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो अब बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से बढ़ कर 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विशेषज्ञ राजेश कपाड़िया ने बताया कि 3 से 4 दिन तक मुंबई का मॉनसून सुस्त रहेगा। 21 के बाद से मॉनसून सक्रिय होने की संभावना है। जब तक अच्छी बारिश नहीं होगी, मुंबईकरों को गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

## महिला से छेड़छाड़ के आरोप में ऑटो-चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कल्याण ।** ठाणे में ऑटो-रिक्शा में यात्रा करने के दौरान 39 वर्षीय एक



महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। महात्मा फुले चौक थाने के एक अधिकारी ने बताया कि महिला ने 13 जून को कल्याण रेलवे स्टेशन से वालधुनी स्थित अपने घर जाने के लिए ऑटो-रिक्शा लिया था। उन्होंने बताया कि जब महिला किराया दे रही थी तो चालक ने कथित तौर पर उसका हाथ पकड़ लिया और दुर्व्यवहार किया तथा महिला को धमकी भी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद महिला ने शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर शुक्रवार को ऑटो-रिक्शा चालक के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

## 90 दिनों की पुलिस कस्टडी बर्बाद कर देगी जिंदगी नए कानूनों पर भड़का शरद पवार गुट



**मुंबई।** नए आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू होने वाले हैं, जिसको लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के नेता जितेंद्र आव्हाड ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है, उन्होंने इन कानूनों को लेकर गहरी चिंता जताई है। उनका दावा है कि नए क्रिमिनल लॉज के तहत सामान्य अपराध में भी पुलिस हिरासत अधिकतम अवधि 15 दिनों से बढ़ाकर 60 दिन या 90 दिन कर दी गई है। 90 दिनों की हिरासत जीवन बर्बाद कर देगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ये सीआरपीसी की जगह लेने वाला कानून है। केंद्र के नेता कह रहे हैं कि ये कानून पुराना है। अब पुलिस हिरासत 90 दिनों की होगी, अगर आप उन्हें किसी छोटे अपराध के लिए 90 दिनों तक रखेंगे, तो आपकी पूरी जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। खासकर हम जैसे राजनीतिक कार्यकर्ता, जो असहमति और विरोध की आवाज हैं। हमारी आवाज दबाने के लिए 90 दिनों तक हिरासत में रखा जा सकता है।'

संविधान बदलने जा रही है सरकार

उन्होंने कहा, 'अगर सितंबर में हमारे जैसे 10 लोगों को उठाकर हिरासत में ले लिया गया, तो हम चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

## नालासोपारा में 3 नाबालिग बहनों से यौन उत्पीड़न, 4 गिरफ्तार

**वसई:** यह बात सामने आई है कि नालासोपारा में रहने वाली 3 नाबालिग बहनों की जिंदगी उनके पिता की शराब पीने की आदत के कारण दुखद हो गई है. इन लड़कियों की मजबूरी का फायदा उठाकर अलग-अलग आरोपी पिछले एक साल से उनका यौन उत्पीड़न कर रहे थे। इस मामले में कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों में से एक सीरियल क्रिमिनल है.

ये हादसा नालासोपार्या में रहने वाली 3 नाबालिग लड़कियों के साथ हुआ है. लड़कियों का पिता शराब का आदी था और अपनी पत्नी से मारपीट करता था। इसलिए उनकी पत्नी ने उन्हें छोड़ दिया. लड़कियों को उनके पिता भी पीटते थे। इसलिए पिछले साल 17 साल की लड़की घर छोड़कर चली गई. इसी दौरान आरोपी दत्ता क्षीरसरगर (35) ने उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर उसे आश्रय दिया और उसका यौन उत्पीड़न किया। उसकी दो छोटी



बहनें भी उससे मिलने आ रही थीं। इस दौरान आरोपी क्षीरसागर ने बहन के साथ दुष्कर्म किया। उसके दो साथी निशाद खान (19) और दो अन्य आरोपी सैयद ने भी लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया। ऐसा पिछले साल से चल रहा है. इससे एक लड़की गर्भवती भी हो गई थी.

इनमें से दत्ता क्षीरसागर एक सराय आरोपी है और उसके खिलाफ राज्य भर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में लगभग 400 अपराध दर्ज हैं। पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी ने कहा, हमने इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच जारी है।

## सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज

**ठाणे।** ठाणे जिले में 'समर्पित माल गलियारा' (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) परियोजना के कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। रविवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नारपोली पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि 13 जून को भिवंडी क्षेत्र में ओवली गांव की सड़क और माल ढुलाई गलियारा के बीच रेलवे क्रॉसिंग को जोड़ने वाले फ्लाईओवर पर निर्माण




कार्य के दौरान यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि इस भूमि से कोई संबंध नहीं होने के बावजूद कुछ ग्रामीण अवैध तरीके से सरकारी परिसर में घुस आए और मिट्टी खोदने वाली मशीन के सामने खड़े हो गए और उन्होंने काम में बाधा डाली। उन्होंने बताया कि परियोजना के एक प्रतिनिधि की शिकायत पर शुक्रवार को चार महिलाओं समेत 15 लोगों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराओं 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 341 (गलत तरीके से रोकना) 141, 143, 149 (अवैध रूप से एकत्र होना), 147 (दंगा), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया।

## पुणे/ आम की पेटियों के जरिए गोवा से शराब की तस्करी... 12 लाख की विदेशी शराब जब्त



**पुणे:** राज्य उत्पाद शुल्क विभाग की एक टीम ने खुलासा किया है कि गोवा में बेचने की अनुमति वाली विदेशी शराब आम की पेटियों के जरिए तस्करी की जा रही है। बारामती में मोरगांव-सुपा रोड पर चलाए गए ऑपरेशन में 12 लाख 61 हजार की शराब की बोतलें और 30 लाख रुपये की मालवाहक गाड़ी (पिकअप) जब्त की गई. इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था.

गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम नामदेव हरिभाऊ खैरे, संदीप बबन सनप, गोरख भगवान पालवे, महेश गुलाबराव औताडे हैं। खुलासा हुआ कि आरोपियों ने शक से बचने के लिए पिकअप गाड़ी में रखी आम की पेटी में गोवा से लाई गई शराब की बोतलें छिपा रखी थीं. गोवा से एक पिकअप गाड़ी शहर के लिए निकली थी. आबकारी विभाग के अधीक्षक चरण सिंह राजपूत, उपअधीक्षक उत्तम शिंदे, सुजीत पाटिल, संतोष जगदाले के मार्गदर्शन में टीम मेरगांव-सुपा रोड पर गश्त कर रही थी. राज्य उत्पाद शुल्क कार्यालय के दौंड विभाग की एक टीम को सूचना मिली कि गांव से एक वाहन के जरिए शराब की तस्करी की जा रही है. इसके बाद टीम ने मूर्ति गांव के पास एक कार समेत पिकअप वाहन की जांच की. पूछताछ के दौरान चालक ने गोलमोल जवाब दिया। टीम ने निरीक्षण किया. तब पिकअप गाड़ी में शराब की बोतलें मिलीं।

आरोपियों ने शक से बचने के लिए आम की पेटियां रख लीं। टीम ने गाड़ी से पेटियां हटाईं तो एक पेटी शराब मिली। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. इंस्पेक्टर विजय रोकड़े, उपनिरीक्षक प्रदीप झुंझरूक, जवान शुभम भोईटे, केशव वामने ने यह कार्रवाई की.

# खारघर पुलिस स्टेशन में जबरन वसूली और छेड़छाड़ की तीन शिकायतें दर्ज

**पनवेल:** खारघर कॉलोनी में सड़कों पर अवैध फेरीवालों और फेरीवालों के खिलाफ शिकायत करने वालों के बीच संघर्ष खारघर पुलिस स्टेशन तक पहुंच गया है। खारघर पुलिस स्टेशन में जबरन वसूली और छेड़छाड़ की तीन शिकायतें दर्ज की गईं। साथ ही जिस शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है, उसने रेहड़ी-पटरी वाले और उसके साथियों के खिलाफ जातिसूचक गाली-गलौज और मारपीट की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है.




खारघर कॉलोनी में लिटिल वर्ल्ड मॉल के सामने सड़क पर कबाली बेचने वाले फेरीवाले जावेद खुर्शीद सैयद ने कहा है कि उन्होंने राकेश हरकुलकर, शाहिद शेख और संतोष चालके को धमकी दी कि अगर वे व्यापार करने के बाद प्रति दिन 50 रुपये नहीं देंगे। इन फेरीवालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए पनवेल नगर निगम और पुलिस को तस्वीरें भेजेंगे। दूसरी घटना में राकेश हरकुलकर द्वारा दी गई शिकायत में कहा गया है कि चूंकि हरकुलकर अनुसूचित जनजाति से हैं, इसलिए एक सफेद फॉर्च्यूनर कार से दो व्यक्ति आए, उनके साथ बालियां बेचने वाले एक व्यक्ति, दो महिलाएं और अन्य लोग आए और उन्हें जातिगत दुर्व्यवहार की धमकी दी। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि इनमें से कुछ लोगों ने राकेश के साथ मारपीट की. तीसरी घटना में संबंधित महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार शाम लिटिलवर्ल्ड मॉल के सामने सड़क पर बालियां बेच रही महिला के साथ राकेश हरकुलकर ने छेड़छाड़ की। शिकायत में कहा गया है कि राकेश पंद्रह दिनों से पीड़िता की अनुमति के बिना उसकी तस्वीरें ले रहा है और महिला की बेटी को गंदी नजरों से देख रहा है। चौथी घटना में डोसा बेचने वाले सचिन इंगले ने राकेश हरकुलकर, संतोष चालके, शाहिद शेख और अन्य के खिलाफ खारघर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

सेक्टर 2 में सैसवार बिल्डिंग के सामने सड़क पर सचिन की डोसा वेंडिंग गाड़ी है। संदिग्ध राकेश हरकुलकर और अन्य आरोपी अजहर समाज पार्टी के कार्यकर्ता हैं और उन्होंने अप्रैल से जून तक सेक्टर 2 में साईस्वर बिल्डिंग के सामने सड़क पर डोसा बेचने के लिए सचिन से 10,000 रुपये प्रति माह वसूले थे। बताया जाता है कि राकेश और उसके साथियों से दो माह तक 20 हजार रुपये लेकर रंगदारी वसूली गयी थी. चूंकि पनवेल नगर निगम खारघर में फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई करने में असमर्थ था, इसलिए खारघर नगर निगम की स्थापना के बाद भी फेरीवालों को मुक्त नहीं किया जा सका। खारघर के निर्माण के दौरान, रिश्वत विरोधी विभाग को पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी क्योंकि तस्करों से किश्तें वसूली जा रही थीं। कॉलोनी में फेरीवालों की संख्या सैकड़ों में है क्योंकि नगर निगम के वार्ड अधिकारियों को फेरीवालों से डर नहीं है। गिरोह संस्कृति का जन्म सैकड़ों फेरीवालों से पैसा वसूलने के लिए हुआ था ताकि नगर निगम के अधिकारी रिश्वतखोरी के मामलों में शामिल न हों। तत्कालीन नगर निगम आयुक्त सुधाकर शिंदे के कार्यकाल के दौरान पनवेल में फेरीवालों के ठेलों को नष्ट करने की योजना बनाई गई थी, ताकि शहर में कोई भी अवैध ठेला व्यवसाय संचालित न हो सके।

## श्मशान घाट में दफनाया गया शव गायब

**मुंबई ।** सोलापुर शहर के श्मशान घाट में दफनाया गया 10 महीने के बच्चे का शव गायब हो गया है। रविवार को इसकी जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई है। सोलापुर पुलिस गायब बच्चे के शव की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार वाघमारे परिवार का दस माह का बच्चा प्रियांश वाघमारे खेलने के दौरान घायल होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 14 जून को प्रियांश की मौत हो गई थी। परिजनों ने श्मशान घाट पर प्रियांश के शव का अंतिम संस्कार



कर उसे दफना दिया था। रविवार को तीसरे दिन का अनुष्ठान करने के लिए वाघमारे परिवार जब श्मशान घाट पहुंचा, तो जहां प्रियांश को दफनाया था, वहां उन्हें एक गड्ढा मिला। शव गायब था। इसके बाद वाघमारे परिवार ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी और पुलिस टीम ने मौके पर जाकर मुआयना भी किया।

## कुएं में तैरने गए एक बालक की मौत

**मुंबई:** माहुल गांव में अपने दोस्तों के साथ कुएं में तैरने गए 15 वर्षीय लड़के की सदमे से मौत हो गई. आरसीएफ पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। चेंबूर के माहुल गांव में रहने वाला वेद तुर्भेकर 13 जून को अपने चार दोस्तों के साथ गांव के कुएं में तैरने के लिए उतरा था. पास के एक होटल संचालक ने कुएं से पानी निकालने के लिए मोटर लगा रखी थी। इस कार से लड़का हैरान रह गया. उनके दोस्तों ने तुरंत ये जानकारी वेदा के पिता को



दी. उन्होंने तुरंत वेद को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन इलाज से पहले ही उनकी मौत हो गई. वेद के पिता की शिकायत के आधार पर आरसीएफ पुलिस ने मामला दर्ज कर होटल मैनेजर समेत कुल तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है.

## नागपुर : सैलून की आड़ में चल रहे देह व्यापार! दो अड्डों पर छापा; वेश्यावृत्ति में कॉलेज की लड़कियां


**नागपुर:** पिछले कुछ महीनों में शहर में वेश्यावृत्ति के अड्डे बढ़ गए हैं और नाबालिग लड़कियों सहित कॉलेज की लड़कियां जल्दी पैसा कमाने के लिए इस दलदल में फंसने लगी हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब क्राइम ब्रांच ने देह व्यापार के दो अड्डों पर छापा मारा। सदर के छावनी इलाके में सैलून की आड़ में चल रहे देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस ने छापेमारी की. वहां से चार युवतियों को बचाया गया। इस मामले में पुलिस ने सैलून चालक और दो ग्राहकों समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. साक्षी उर्फ मनीषा चंद्रहास तुपे (30, निवासी उरवेला कॉलोनी, वर्धा रोड), राकेश साबूलाल बंदेवार उर्फ राज ठाकुर (33, निवासी उज्ज्वलनगर, सोमलवाड़ा), अभिषेक प्रभाकर माहुरे (32, निवासी प्लॉट नंबर 89 मनीषनगर), मोहन भगवंतराव सुरकर (40, नि. नीलदोह, हिंगणा) और राजेंद्र चिंतामनराव पांडे (52, नि. वानाडोंगरी, हिंगणा) ये आरोपियों के नाम हैं. आरोपी महिला मनीषा तुपे कैंटोनमेंट में 'द लुक लग्जरी सैलून स्पा' से देह व्यापार चलाती थी। वह पिछले 6 साल से इस बिजनेस से जुड़ी हुई हैं। वह ब्यूटी पार्लरों से लेकर घटिया ग्राहकों तक किशोर लड़कियों और कॉलेज की छात्राओं को लुभाने में शामिल थी। इस बिजनेस से मनीषा ने अब तक लाखों कमाए। खुलासा हुआ है कि उसने सौ से ज्यादा लड़कियों को देह व्यापार के लिए शहर के अलग-अलग स्पा-सैलून में



भेजा था।

मनीषा के बारे में जानकारी मिलते ही क्राइम ब्रांच ने एक नकली ग्राहक वहां भेजा. मनीषा ने एक युवती को उसके साथ भेजा। जैसे ही उसने चेतावनी दी, पुलिस ने छापा मार दिया। आरोपी मनीषा, राकेश और अभिषेक को चार युवतियों को वेश्यावृत्ति के लिए प्रेरित करते हुए पाया गया। इसके अलावा मोहन और राजेंद्र भी वहां ग्राहक बनकर शामिल हुए। पुलिस ने चारों युवतियों को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया और उनके पास से लाखों रुपये का कीमती सामान जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है. यह कार्रवाई उक्त थाने के थानेदार मनीष ठाकरे, पुलिस निरीक्षक ओमप्रकाश सोनटक्के, नंदकिशोर देवगड़े, जयंत, राधा, नीलिमा, आशीष, प्रमोद ने की. क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा दस्ते ने एक ऑनलाइन वेश्यावृत्ति अड्डे पर छापा मारा और एक महिला को गिरफ्तार किया। थाने में मामला दर्ज किया गया है. इस दौरान एक पीड़ित लड़की को बचाया गया. पुलिस दलाल महिला के साथी सलमान की तलाश कर रही है।

## कोस्टल रोड से हर रोज गुजरते हैं 21,000 वाहन



**मुंबई।** कोस्टल रोड के आंशिक रूप से खुले उत्तर-बा' हिस्से में प्रतिदिन औसतन 21,000 वाहन चालक गुजरते हैं, जबकि इसके खुलने के बाद से ही दक्षिण-बा' हिस्से की तुलना में वाहनों की संख्या में समान या शायद थोड़ी अधिक वृद्धि देखी गई है। मनपा के आंकड़ों के अनुसार, मई में दक्षिण-बा' मार्ग पर औसत यातायात प्रतिदिन 17,000 वाहन था, लेकिन 11 जून को इसके खुलने से लेकर 14 जून तक औसतन 21,000 वाहनों ने मरीन लाइन्स से वर्ली के लोटस जेट्टी तक उत्तर-बा' मार्ग का उपयोग किया। उत्तर-बा' मार्ग पर वाहन चालकों की थोड़ी अधिक संख्या तटीय सड़क पर मौज-मस्ती करने के लिए जाने वाले लोगों के कारण हो सकती है।

# गिर जाएगी एनडीए सरकार : आदित्य ठाकरे

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में महायुति को मिली हार के बाद विपक्ष को ऊर्जा मिल गई है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत न मिलने पर विपक्ष बार-बार मोदी सरकार गिरने की भविष्यवाणी कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, संजय राउत के बाद अब यूबीटी के युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने मोदी सरकार गिरने की भविष्यवाणी की है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत ने आदित्य ठाकरे ने कहा कि एलन मस्क ने भी ईवीएम गड़बड़ी को लेकर ट्वीट किया है। इंडिया आघाड़ी बार-बार ईवीएम के बारे में बोलती रहती है। अब मुंबई के उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में ईवीएम में



गड़बड़ी होने की बात सामने आ रही है। इसके बाद चुनाव आयोग ने वहां के सीसीटीवी फुटेज देने से इंकार कर दिया है। दूसरी बात यह है कि शिंदे गुट के कुछ लोग वहां फोन लेकर खड़े थे। इतनी सारी बातें सामने आने के बाद ऐसे लोग पद पर कैसे रह सकते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि जनता भाजपा से बहुत नाराज थी। इसलिए जनता ने भाजपा को 240 पर पहुंचा दिया है। अगर ईवीएम नहीं होती तो हम 240 तक नहीं पहुंचते। दुनिया भर में ईवीएम का इस्तेमाल नहीं होता। एलन मस्क के प्रौद्योगिकी में विश्वास के बावजूद, वह ईवीएम पर विश्वास नहीं करते हैं।



# मीरा रोड स्थित एक अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी, तलाशी जारी...



**मुंबई :** मुंबई में आए दिन बम की धमकियां मिलती रहती हैं। अब एक बार फिर मुंबई में मीरा रोड स्थित एक अस्पताल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस ने इस घटना की जानकारी देते हुए कहा, मीरा रोड के एक अस्पताल में बम होने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने लोगों की आवाजाही रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर दी। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड जांच के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। फिलहाल इस धमकी को लेकर और कोई लेटेस्ट अपडेट सामने नहीं आया है।

**ताज होटल को बम से उड़ाने की धमकी**

मुंबई की बम की धमकी मिलना आम बात नहीं है। इससे पहले मुंबई पुलिस को छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट और ताज होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। बता दें कि मुंबई पुलिस को कंट्रोल रूम से एक कॉल आई थी,जिसमें कहा गया कि ताज होटल और शहर के एयरपोर्ट पर बम रखा गया है। बम की धमकी मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई थी।

**फोन पर कर रहे थे अजीबों-गरीब बात**

साथ ही पिछले महीने दादर इलाके में स्थित मेकडोनल्ड में भी धमाके को लेकर मुंबई पुलिस के पास फोन आया था। दरअसल एक शख्स ने बेस्ट की बस नंबर 351 में यात्रा करते समय दो लोगों को मैकडॉनल्ड को बम से उड़ाने की बात करते सुना था। इसकी जानकारी उसने पुलिस को दी, जिसके बाद मुंबई पुलिस अलर्ट हो गई। पूरी रात बम की तलाशी ली गई, लेकिन पुलिस को संदेहास्पद वस्तु हाथ नहीं लगी।

# डोंबिवली में अवैध चाली के खिलाफ कार्रवाई... !

**डोंबिवली:** डोंबिवली के भोपर, आयरे, 27 गांव क्षेत्रों के सी और ई वार्डों में अवैध चालियां, जो प्राकृतिक नालियों, झरनों, सीवरों के प्रवाह को अवरुद्ध करके बनाई गई थीं, उन्हें जोटे निगम की विध्वंस टीम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। इन चालीसों के कारण क्षेत्र में सीवेज का प्रवाह रुक गया। इससे इलाके में दलदल बन गया. बरसात के मौसम में यह मलजल जमा हो जाता और स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो जाती। इसकी शिकायत नागरिकों ने की थी. इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सी वार्ड के सहायक आयुक्त संजय कुमार कुमावत, ई वार्ड की प्रभारी सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर की तोड़फोड़ टीम ने यह कार्रवाई की. आयरे गांव क्षेत्र में अवैध चालिस निर्माण के लिए बनाए गए 10 जोता को ध्वस्त कर दिया गया।



जेसीबी की मदद से दो अवैध चालियों का भंडाफोड़ किया गया। भोपर में 15 कमरों में रास्ते रोकने वाले बैरियर तोड़े गए। आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ नाले की सफाई के दौरे पर थीं, तभी उनकी नजर इन अवैध निर्माणों पर पड़ी. उनके आदेश पर यह कार्रवाई की गयी.

डोंबिवली पश्चिम के इस वार्ड में, पुराने डोंबिवली में प्रकाश गोठे, शंकर ठाकुर ने नियमित अंतराल रखे बिना नालियों को तोड़ दिया और दो अवैध इमारतें, फाशी हाइट्स, एक और खड़ी कर लीं। इन इमारतों के सीवेज से क्षेत्र के निवासी परेशान हैं। राहुल नगर में सुदामा रेजीडेंसी, रमाकांत आर्केड भवनों में सीवर नहीं हैं। कोपर रेलवे स्टेशन के पास शैलेश पाटिल ने अवैध रूप से मुर्गों की कटाई शुरू कर दी है, जिससे इलाके में बदबू फैलनी शुरू हो गई है. ठाकुरवाड़ी में शिवलीला स्कूल आरक्षण पर अवैध भवन खड़ा कर दिया गया है. कोपर में चारू बामा म्हात्रे स्कूल के पीछे पुराने पेड़ों की कटाई कर अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है. कुंभारखानपाड़ा खंडोबा मंदिर के पास अवैध निर्माण कार्य चल रहा है. रेलवे ग्राउंड के पास गणेश नगर में अवैध निर्माण चल रहा है। कुंभारखानपाड़ा में अजिक्य नारकर की ध्वस्त इमारत का एक हिस्सा पिछले महीने फिर से बनाया गया था।

# ईद पर देवी दर्शन बंद... तिलक चौक से घंटा बजाते विरोध प्रदर्शन



**कल्याण:** कल्याण के दुगाडी किले में देवी का मंदिर है, उसी क्षेत्र में एक छोटी मस्जिद भी है। उस स्थान पर बकरीद के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करने आते हैं. उस दौरान कुछ समय के लिए हिंदू भाइयों के लिए देवी के दर्शन और पूजा भी बंद कर दी जाती है। विरोध स्वरूप, आनंद दिघे ने घंटी आंदोलन शुरू किया. आज भी यह आन्दोलन हर वर्ष चलाया जाता है। शिव सेना में फूट के बाद यह आंदोलन शिव सेना के दोनों गुटों द्वारा किया जा रहा है. बकरीद के मौके पर सोमवार सुबह कल्याण के दुगाडी किला इलाके में स्थित मस्जिद में मुस्लिम समुदाय ने नमाज अदा की. इसके बाद एकनाथ शिंदे की शिव सेना और उद्धव ठाकरे की शिव सेना दोनों के कार्यकर्ताओं ने घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया. इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे.

शिव सेना के शिंदे गुट ने दुगाडी किला इलाके में घंटा बजाओ आंदोलन किया. सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तिलक चौक से घंटा बजाते और विरोध प्रदर्शन करते हुए दुगार्डी किले की ओर मार्च किया. उधर, लालचौकी इलाके में ठाकरे गुट की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया. पुलिस ने इन दोनों गुटों का अलग-अलग समय पर फैसला किया था. पहले शिव सेना शिंदे गुट विरोध करने आया और फिर शिव सेना ठाकरे गुट के कार्यकर्ता विरोध करने आये. हालांकि, इस बार देखा गया कि लालचौकी में ठाकरे गुट और शिंदे गुट आमने-सामने आ गए. इसी बीच पुलिस ने हस्तक्षेप कर दोनों गुटों को अलग कर दिया. किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और बाद में रिहा कर दिया.

# मुंबई के भिंडी बाजार में लगी आग...



**मुंबई :** मुंबई के भिंडी बाजार क्षेत्र में सोमवार को भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार, आग एक इमारत की चौथी मंजिल पर लगी थी। व्यस्त बाजार में लगी आग की जगह पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियाँ पहुँची और आग पर काबू पाने के लिए काम कर रही हैं। अभी तक किसी के घायल होने या हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

# मोबाइल का अनिधिकृत तरीके से हुआ इस्तेमाल...

## मुंबई में लोकसभा सीट की काउंटिंग पर बोला चुनाव आयोग...

**मुंबई :** चुनाव आयोग ने स्वीकार किया कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर वोटों की गिनती के दौरान एक उम्मीदवार के सहयोगी ने एक ''अधिकृत व्यक्ति'' के मोबाइल फोन का ''अनधिकृत रूप से'' इस्तेमाल किया था। इस सीट पर शिवसेना के रवींद्र वायकर ने जीत हासिल की थी. मीडिया को दिए एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी ने पहले ही इस मामले पर पुलिस केस दर्ज करवा दिया है।

चुनाव आयोग ने बताया कि यह आरोप लगाया गया था कि मोबाइल फोन में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को अनलॉक करने के लिए वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) प्राप्त करने की क्षमता थी। जिसको लेकर रिटर्निंग ऑफिसर ने ''ईवीएम के बारे में गलत सूचना फैलाने और भारतीय चुनाव प्रणाली में संदेह पैदा करने'' के लिए मिड-डे अखबार को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने प्रेस नोट में कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए मोबाइल फोन पर कोई ओटीपी नहीं जा सकता है, क्योंकि यह नॉन-प्रोग्रामेबल है और इसमें कोई वायरलेस संचार क्षमता नहीं है। यह एक अखबार द्वारा फैलाया गया पूरा





झूठ है, जिसका इस्तेमाल कुछ नेता झूठी कहानी बनाने के लिए कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने आगे कहा, ''ईवीएम स्टैंडअलोन डिवाइस हैं जिनमें ईवीएम प्रणाली के बाहर की इकाइयों के साथ कोई तार या वायरलेस कनेक्टिविटी नहीं है। इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) की गिनती भौतिक रूप (पेपर बैलेट) में की जाती है, न कि इलेक्ट्रॉनिक रूप में ''जैसा कि झूठी कहानियों के माध्यम से फैलाया जा रहा है।''

### 48 वोट से जीते थे वायकर

**मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से रविंद्र वायकर ने शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को महज 48 वोट से हराया था। इस सीट पर पहले कीर्तिकर को एक वोट से विजयी घोषित हुए थे, लेकिन री-काउंटिंग में वायकर 48 वोट से जीत गए। रविंद्र वायकर को 4,52,644 वोट मिले हैं। वहीं उद्धव गुट के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को 452596 वोट मिले।**


# पनवेल: स्विमिंग पूल प्रशिक्षक ने महिला से की छेड़छाड़



**पनवेल:** अदाई स्थित पैंथर एकेडमी के स्विमिंग पूल में तैरने आई एक महिला के साथ तैराकी प्रशिक्षक ने छेड़छाड़ की. जब महिला अपने कपड़े बदलने के लिए कमरे में गई तो ट्रेनर ने पास में मौजूद एप्पल मोबाइल फोन की मदद से महिला का वीडियो बना लिया. खांडेश्वर पुलिस स्टेशन में एक महिला की शिकायत के बाद 19 वर्षीय कोच आदित्य फड़के के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे अदाई स्थित पैंथर एकेडमी के स्विमिंग पूल में एक 34 वर्षीय महिला तैर रही थी, जब वह एकेडमी के चेंजिंग रूम में अपने कपड़े बदल रही थी, तभी आदित्य ने अपने मोबाइल से महिला का वीडियो बना लिया. फोन किया और पुलिस से संपर्क किया।

# करंट की चपेट में आने से पति, पत्नी और बेटे की मौत



**पुणे :** पुणे के दौंड तहसील के दापोडी गांव में एक दिल दहलानेवाली घटना सामने आई है. बिजली का करंट लगने से पूरा परिवार ही खत्म हो गया. इस हादसे में पति , पत्नी और उनके बच्चे की मौत हो गई. मृतकों के नाम सुरेंद्र भालेकर, पत्नी आदिका भालेकर और बेटा प्रसाद भालेकर है. इस घटना के बाद गांव में शोक पसर गया है. जानकारी के मुताबिक सुरेंद्र भालेकर घर के तार पर सुखाने के लिए रखे गए टॉवल को निकालने के लिए गए थे. इसी दौरान उन्हें बिजली का करंट लगा, उन्हें देखकर उन्हें बचाने के लिए उनकी पत्नी आदिका और बेटा भी दौड़ पड़ा, तो उन्हें भी बिजली का करंट लगा. इस हादसे में तीनों की मौत हो गई. बताया जा रहा है की जीवनयापन करने के लिए ये परिवार दापोडी गांव में आया था, लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com